Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006
Participants : Meghwal Shri Kailash,Bhargav Shri Girdhari Lal

>

Title : Need to include all districts of Rajasthan under National Rural Employment Guarantee Scheme.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : महोदय, मेरा सौभाग्य है कि जिनसे मेरा संबंध है, उन्हीं के संबंध में, क्योंकि वे मेरे पड़ोसी है, बात उठा रहा हूं। राट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत समस्त भारतर्वा के 600 जिलों में से 200 को सम्मिलित किया गया है। उसमें से राजस्थान के 32 जिलों में से 6 को ही लिया गया है। राजस्थान जनसंख्या, क्षेत्रफल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, राजस्थान, पहाड़ी और घनत्व वाला प्रदेश है। राजस्थान में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की संख्या 29.8 प्रतिशत है। यहां की प्रति व्यक्ति आय भी बहुत कम है और र्वाा पर खेती निर्भर करती है। सम्पूर्ण भारत र्वा के उपलब्ध पानी में से एक प्रतिशत पानी राजस्थान को उपलब्ध है और राजस्थान की सीमा पाकिस्तान की सीमा से सटी हुई है।

मैं अन्य प्रदेशों की तुलना में न जा कर जो राजस्थान में हर दृटि से अधिक उनको 6 जिले बहुत ही कम मिले हैं। रोजगार योजना के अंतर्गत 6 जिले वांसवाड़ा, डुंगरपुर, उदयपुर, सिरोही, झालावाड़, करोली चयनित किए गए हैं। इनमें एक भी जिला रेगिस्तानी क्षेत्र में नहीं है। उनको इस योजना में चयनित किया गया है। जहां रेगिस्तान है, उनको इस योजना में चयनित किया जाना अनिवार्य था। इन रेगिस्तानी क्षेत्रों में बेरोजगारी एक भयंकर समस्या है।

राजस्थान योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण राजस्थान को लिया जाए, क्योंकि राजस्थान की विशो परिस्थिति होने पर भी इसको गाडगिल फार्मूले के अंतर्गत धनराशि नहीं दी जा रही है। राजस्थान को भी उत्तर-पूर्वी राज्यों, जम्मू-कश्मीर, सिक्किम और उत्तरांचल की भांति अधिक धनराशि दी जानी चाहिए। विशे् श्रेणी के राज्यों में इसका दर्जा होना चाहिए।

मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि सम्पूर्ण राजस्थान में इस योजना को लागू करने पर सहानुभूति-पूर्वक विचार करें और जो मान्यवर श्री कैलाश मेघवाल ने जो प्रपोजल रेलवे के संबंध में डिग्गीपुरी यात्रा वाले विाय से संबंधित रखा है, मैं समझता हूं कि निश्चित रूप से वह रेल लाइन डाली जाए।

सभापति महोदय : आपको पहले ही उनसे संबद्ध कर दिया था।

श्री कैलाश मेघवाल (टोंक) : महोदय, मुझे भी श्री गिरधारी लाल भार्गव द्वारा उठाए गए विाय से संबद्ध किया जाए और मरुस्थल के जितने भी जिले हैं, उन्हें राट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में शामिल किया जाए।

सभापति महोदय : श्री कैलाश मेघवाल को श्री गिरधारी लाल भार्गव द्वारा उठाए गए विाय से संबद्ध किया जाए।